तापमान

अधिकतम 26.7 डिग्री
न्यूनतम 8.5 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 13 फरवरी 2025

11 संत शिरोमणी गुरु रविदास ने समाज को दिखाई ...

12 गुरु रविदास की शिक्षाओं का पालन करें

खबर संक्षेप

पानीपतः मादक पदार्थ तस्कर पकड़े

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने दो नशा तस्करों कर्ण पुत्र श्याम निवासी खेल बाजार कलंदर चौक व मोहन उर्फ शिव पुत्र रमेश निवासी विजय नगर देवी मंदिर रोड, पानीपत को 12.55 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना किला में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया और कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया है।

हुकटा ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

पानीपत। हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा हुकटा के प्रतिनिधि मंडल ने पानीपत में शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा से मिलकर सेवा सुरक्षा की कार्यवाही की रिपोर्ट को जल्द से जल्द जमा करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में डॉ.मनीता ने शिक्षा मंत्री को अपने समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर इनके हल की अपील की। इधर, मंत्री ढांडा ने कहा कि उन्होंने 19 फरवरी को उच्च अधिकारियों की मीटिंग बुला ली है ताकि इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही कर आप सभी को सेवा सुरक्षा दी जा सकें। अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

निगम बजट तैयार कर पोर्टल पर करे अपलोड

यमुनानगर। वित्त वर्ष 2024-25 के नगर निगम बजट को लेकर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बुधवार को अपने कार्यालय में निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से सालभर का लेखा जोखा जाना और उन्हें जल्द से जल्द निगम का बजट तैयार कर उसे पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2024-25 के नगर निकाय के बजट को लेकर शहरी स्थानीय निकाय के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका के आयुक्तों, सचिव व अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की और उन्हें बजट तैयार करने के निर्देश दिए।

गोली लगने से घायल युवक की हालत गंभीर

यमुनानगर। शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र में बीती देर शाम एक युवक को गोली मारकर घायल करने के बाद स्वयं भी गोली मारकर खुदकुशी करने वाले आरोपी के शव को बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामला रंजिश का बताया जा रहा है। फिलहाल आरोपी द्वारा गोली मारकर घायल करने वाले युवक का उपचार फोरटीज अस्पताल चंडीगढ़ में उपचार चल रहा है और उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

यूपी से क्रेटा में आया, दो टुकड़ों में लाश मिली

गर्लफ्रेंड की मौत से परेशान युवक नीलोखेड़ी स्टेशन पर ट्रेन के आगे लेटा

- पर्ची पर लिखा-गर्लफ्रेंड नहीं रही, अब जीने का क्या फायदा
- मेरी क्रेटा गाड़ी और मोबाइल घर पहुंचा देना, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी

शव को कब्जे लेती पुलिस एवं क्रेटा गाड़ी

करनाल। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान अजय शर्मा के रूप में हुई है, जो मेरठ का रहने वाला था और ग्रेटर नोएडा में जॉब करता था। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें उसने लिखा है कि मेरी गर्लफ्रेंड ने सुसाइड कर लिया था।जिससे आहत होकर मैं भी सुसाइड कर रहा हूं। मेरी कार को मेरे घर तक पहुंचा देना। घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी हाउस में भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।पुलिस के मुताबिक, अजय अपनी गर्ल फ्रेंड के सुसाइड की वजह से परेशान था। वह बुधवार को अपनी क्रेटा गाड़ी में नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। उसने स्टेशन के बाहर ही अपनी क्रेटा गाड़ी को खड़ा कर दिया था। जिसके बाद वह स्टेशन के अंदर पहुंचा। वहीं पर पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी, उसके अंदर से होता हुआ है, वह दूसरे ट्रैक पर पहुंच गया और वहां पर तेज रफ्तार ट्रेन के आगे कूद गया। ट्रेन की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन इंचार्ज कमल ने बताया कि सुसाइड नोट में इतनी ही बात लिखी हुई है कि मेरी गर्लफ्रेंड ने सुसाइड कर लिया है। जिसकी वजह से मैं परेशान हूं और मैंने सुसाइड कर लिया है। मेरी गाड़ी और मोबाइल घर पहुंचा देना। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कुरुक्षेत्र। गांव मोरथला में रविदास जयंती के मौके पर बिजली की तारों से टकराया हुए निशान साहिब का दृश्य। फोटोः हरिभूमि

निशान साहिब बिजली के तारों से टकराया, करंट से व्यक्ति की मौत

- गांव मोरथला में गुरु रविदास जयंती के मौके पर पूजा अर्चना के दौरान हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गांव मोरथला में गुरु रविदास जयंती के मौके पर पूजा अर्चना करने उपंरात जैसे ही निशान साहिब को स्थापित करने लगे तो उसकी वक्त अचानक निशान साहिब उपर से गुजर रही बिजली की तारों से टकरा गया। इस वजह से निशान साहिब में करंट आ गया और करंट आने की वजह से चार लोग इसकी चपेट में आ गए थे। मिली जानकारी के अनुसार गांव मोरथला निवासी 34 वर्षीय तेजपाल की मौत हो गई है और अन्य घायलों का कुरुक्षेत्र के निजी हस्पताल में इलाज चल रहा है। जैसे ही गांव में तेजपाल की मौत का समाचार मिला तो गांव में मातम छा गया।

रविदास जंयती के मौके पर गांव मोरथला में एक व्यक्ति की मौत के बाद मातम छा गया। मृतक तेजपाल तीन लड़कियां व एक लड़का जो डेढ़ वर्ष का है।

कुरुक्षेत्रः पत्नी से तंग आकर पति ने की आत्महत्या

पुलिस ने मृतक के भाई निर्मल की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू की

कुरुक्षेत्र। जिला के एक गांव में पति ने अपनी पत्नी से तंग आकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान जोगिंद्र सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक के भाई निर्मल सिंह की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। निर्मल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई जोगिन्द्र सिंह की शादी पूजा के साथ करीब 12 साल पहले हुई थी। जोगिंद्र सिंह के पास एक 10 साल का लड़का व एक 8 साल की लड़की है। उसकी भाभी पूजा के परिवार के ही एक युवक अमित के साथ अवैध संबंध थे। पूजा पहले भी कई बार जोगिन्द्र सिंह के साथ मारपीट करके अपने बच्चो सहित अपने प्रेमी अमित कुमार के पास चली जाती थी जो बीच मे जब हमने अमित कुमार को समझाने की कौशिश की तो अमित कुमार हमे भी देख लेने की धमकी देता रहा। पूजा अपने मोबाइल फोन से अपने प्रेमी अमित कुमार से बात करती हुई मेरे भाई जोगिन्द्र सिंह द्वारा पकडी गई तो पूजा हमारे द्वारा समझाने पर एकदम भड़क गई और दोनों बच्चों सहित अमित कुमार के पास चली गई। भाभी व बच्चों के चले जाने के कारण शर्मिंदिगी के कारण व समाज में बेइज्जती होने के कारण उसके भाई जोगिंद्र ने कमरे में लगे छत वाले पंखा पर कपड़े का फंदा लगाकर फांसी ले ली। पुलिस मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

बाइक चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद कर ली हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरु कर दी है। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के प्रभारी राजेश

कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के लिए सभरवाल अस्पताल के नजदीक घूम रहे हैं।

प्रतिबंधित पॉलिथीन बेचने पर पांच दुकानदारों के काटे चालान

यमुनानगर। सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों पर नगर निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने जोन एक में जगाधरी में छोटी लाइन व रेस्ट हाउस रोड पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पांच दुकानदारों के पास से काफी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद की गई। जिस पर टीम द्वारा पांचों दुकानदारों के मौके पर चालान किए गए और उनसे 2500 रुपये जुर्माना राशि वसूली।

विश्व के हर देश का व्यापारी पहुंचता है गल्फ फूड मेले में: रविन्द्र सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

दुबई में 17 से 21 फरवरी तक लगने वाले गल्फ फूड मेले को लेकर इस शहर का चावल व्यापारी अपनी तैयारी कर रहे है। गौरतलब है कि दुबई में हर वर्ष गल्फ फूडस मेले के नाम से एक मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें पूरे विश्व के चावल व्यापारियों को अपनी अपनी चावल की मिलों में तैयार होने वाले खाद्य उत्पादों को वहां पर दिखाने का एक सुनहरा अवसर मिलता है। इस मेले

गल्फ फूड मेले की जानकारी देते रविन्द्र , संजय व महेश सिंगला।

का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा किया जाता है तथा दुबई के वल्उर् ट्रेड सेंटर में उक्त मेले का आयोजन होता है। इस मामले को लेकर श्रीराम ग्रुप के सीएमडी लाला साधूराम सिंगला से बात की तो उनका कहना था कि इस मेले में व्यापारियों को अपना स्टॉल लगाने के लिए वहां की सरकार से पहले मंजूरी लेनी पड़ती है तथा स्टॉल लगाने के लिए व्यापारियों को लाखों रुपए वहां की सरकार के पास फीस के रूप में जमा भी करवाने पड़ते है। मेले में स्टॉल के लिए जगह मिल पाती है। एक स्टॉल लगाने पर एक व्यापारी का 30 से 50 लाख रुपए का खर्च आता है।

नगर योजनाकार की अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट नहीं खरीदने की हिदायत

अनाधिकृत कॉलोनी में निर्माण कार्य पर चला पीला पंजा, निर्माण कार्य ध्वस्त

- मुस्फाबाद के सबलपुर में राजस्व सपंदा में 4.4 एकड़ में अनाधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। सबलपुर में अनाधिकृत कॉलोनी में निर्माण कार्य को ढ़हाते हुए जेसीबी मशीन। फोटोः हरिभूमि

अनाधिकृत कॉलोनी में किए जा रहे निर्माण कार्य को जिला नगर योजनाकार की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से ढहा दिया। मौके पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों को अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की पूंजी निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मुस्फाबाद के सबलपुर में राजस्व सपंदा में 4.4 एकड़ में एक अनाधिकृत कॉलोनी में निर्माण कार्य करके कॉलोनी को विकसित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया। जिसके बाद क्षेत्र के तहसीलदार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया और उनकी मौजूदगी में जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीनी की मदद से वहां किए जा रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। पहले विभाग की ओर से चूककर्ताओं को कंट्रोल एरिया एक्ट नंबर12 की उपधारा 2 ऑफ 1963 व अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे।

अनाधिकृत कॉलोनियों में न करें निवेश

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलावासियों से अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट आदि खरीदने में अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी का निवेश ना करे। उन्होंने कहा कि प्लॉट आदि खरीदने से पहले जिला नगर योजनाकार विभाग के कार्यालय से संपर्क करके जांच पड़ताल कर लें कि वह जहां पर प्लॉट आदि खरीद रहा है वह अनाधिकृत कॉलोनी तो नहीं है।

कुरुक्षेत्रः पैदल चल रहे युवक को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

कुरुक्षेत्र। पिपली बस अड्डा के समीप एक वाहन ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान हरविंद्र सिंह निवासी पिपली के तौर पर हुई है। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक के भाई गुरबख्श सिंह की शिकायत पर मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुरबख्श सिंह न बताया कि मंगलवार रात्रि उसका भाई हरविंद्र सिंह घर नहीं आया तो वह अपने भाई हरविन्द्र सिहं को पिपली पुरानी मंडी के पास तलाश करने के लिए। उसने पिपली बस अडडा के पुल के सामने अपने हरविन्द्र को इधर उधर देखने लगा तो देखा कि हरविन्द्र पिपली बस अड्डा के पुल के नीचे से पुरानी मंडी की तरफ आ रहा था तो अचानक एक गाडी गलत साईड से तेज रफ्तार से पिपली की तरफ से आई और सीधी टक्कर हरविन्द्र सिंह को मारी। हरविन्द्र सिहं गाडी की टक्कर लगते ही सड़क पर जा गिरा गया। भीड़ का फायदा उठा कर गाडी ड्राईवर गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मथाना सीएचसी में ले गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

सुविधा सरकार लाडवा को स्वस्थ हलका बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही

अब महीने के दूसरे शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में विकलांगों के प्रमाण पत्र होंगे जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सक डा.कृष्णकांत ने कहा कि नायब सरकार लाडवा हलके को स्वस्थ हलका बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नायब सरकार ने न केवल अस्पताल में पांच चिकित्सक भेजकर चिकित्सकों की कमी को दूर किया है, बल्कि अब लाडवा केंद्र में ही कंप्यूटराइज एक्स-रे मशीन से रोगियों के एक्स-रे भी होते है। डा.कृष्णकांत अस्पताल में पत्रकारों को अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि अब हर महीने के दूसरे शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में विकलांग

मुख्य चिकित्सक डा.कृष्णकांत।

- अब मरीजों को उनके गांव स्तर पर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध
- अस्पताल में कंप्लीट ब्लड सेल काउंटर व सेमी ऑटो मशीन उपलब्ध

व्यक्तियों के प्रमाण पत्र भी जारी हो सकेंगे। इसके लिए जिला स्तर से विशेषज्ञ डा. विकलांग व्यक्तियों की जांच उपरांत उन्हें विकलांगता का प्रमाण पत्र जारी करेंगे। यह सब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अथक प्रयास की वजह से हो पाया है। अब मरीजों को उनके गांव स्तर पर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध है और मरीजों को अपनी जांच के लिए बेवजह प्राइवेट अस्पताल में नहीं जाना पड़ता और उनके पैसे और समय की बबार्दी को भी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कंप्लीट ब्लड सेल काउंटर व सेमी ऑटो एनालाइजर मशीन भी उपलब्ध करवाई गई, ताकि अब मरीजों को अपने खून की जांच करवाने के लिए बाहर प्राइवेट संस्थानों में न जाना पड़े। लिवर फंक्शन, किडनी फंक्शन तथा प्लेटलेट काउंट इत्यादि की जांच भी अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अब वह जिला स्तर पर अपनी विकलांगता प्रमाण पत्र हेतु न जाए और अनावश्यक समय और पैसे को बचाए। क्योंकि सरकार के द्वारा यह सेवा प्रति माह दूसरे शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में उपलब्ध करवा दी गई है। यह लाडवा क्षेत्र वालों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है आम जनता से अपील है कि वह सब मिलाकर इसका लाभ उठाएं।

अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों ने सौंपा ज्ञापन

कुरुक्षेत्र। हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन, हरियाणा के प्रतिनिधि मंडल ने कुरुक्षेत्र के कैम्प कार्यालय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी कैलाश सैनी और सुशील राणा, जिला अध्यक्ष, भाजपा, कुरुक्षेत्र से मिलकर सेवा सुरक्षा की कार्यवाही की रिपोर्ट को जल्द से जल्द जमा करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने सीएम के ओएसडी को बताया कि मुख्यमंत्री जनसंवाद की 28 दिसंबर,2024 की कार्यवाही की रिपोर्ट में उच्चत्तर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों में अनुबंधित सहायक प्रोफेसरों से संबंधित सेवा सुरक्षा प्रदान करने के मामले की जांच करने के लिए 1 महीने पहले एक समिति का गठन किया गया था लेकिन कमेटी की रिपोर्ट आज तक सबमिट नहीं होने के कारण सेवा सुरक्षा का ड्राफ्ट व अन्य महत्वपूर्ण आगामी कार्रवाई नहीं हो पाई है। रिपोर्ट के लिए शिक्षा विभाग द्वारा रिमाइंडर भी आ चुके हैं।

श्रीनगर में तैनात हवलदार सत्यजीत की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी

सेना हवलदार सत्यजीत को आंसूपूर्ण विदाई भारत माता के जयकारों से गूंजा आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव शेरा निवासी थल सेना में हवलदार सत्यजीत का बहुत ही गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। स्मरणीय है कि जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में तैनात हवलदार सत्यजीत की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई थी। सत्यजीत की पांच अप्रैल को शादी होनी थी और तीन दिन पहले ही सत्यजीत अपनी शादी की शॉपिंग कर ड्यूटी पर श्रीनगर लौटा था। सत्यजीत करीब छह साल पहले स्पोर्ट्स कोटे से सेना की राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) बटालियन में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। दो साल पहले सत्यजीत को हवलदार के पद पर पदोन्नत मिली थी। सेना भर्ती होने से पहले सत्यजीत ने राष्ट्रीय स्तर पर भी कई मेडल जीते थे। उन्हें हाल में ही आर्मी कमांडर पत्र से भी नवाजा गया था। सत्यजीत को हरियाणा सरकार की ओर से खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार समेत बडी संख्या में ग्रामीणों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं सत्यजीत की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

पानीपत। सेना हवलदार सत्यजीत को श्रद्धांजलि देते हुए खनन मंत्री कृष्ण पंवार।

3 दिन पहले ही छुट्टी काट घर से गए थे

पिता सज्जन सिंह ने बताया है कि सत्यजीत 6 साल पहले स्पोर्ट्स कोटे से सेना की राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। वह 2 साल पहले हवलदार के पद पर पदोन्नत हुए थे।

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों को समाज में लानी होगी जागरुकता

करनाल। डीएवी पीजी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ करनाल के गांव सग्गा में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने किया। प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए आगे आना होगा। जिसमें देश भक्ति की भावना, राष्ट्रीय चरित्र, सेवा भाव, अनुशासन, और समरसता का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देना होगा। तभी हम समाज में जागरूकता पैदा कर सकेंगे और सबकी हिस्सेदारी को सुनिश्चित कर पाएंगे।

"मीरा" के पुस्तक विमोचन पर साहित्यकारों लगा जमावड़ा

घरौंडा। "मीरा" के बुक लॉन्च के अवसर पर एक निजी वेंकट हाल में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की पत्नी रेशमा कल्याण की पुस्तक विमोचन पर साहित्यकारों का लगा जमावड़ा। जिसने कार्यक्रम देखा वही बोल पड़े इस तरह का पहला कार्यक्रम था जिसमें साहित्य, कला एवं कलाकारों का बोलबाला था। हरियाणा के जाने-माने साहित्यकारों ने इस कार्यक्रम का खास लुत्फ उठाया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कुलदीप सिंह अग्निहोत्री ने कहा कि आमतौर पर देखा गया है कि राजनीति साहित्य को दबा देती है। विशिष्ट अतिथिगण डॉ चन्दर त्रिखा एवं डॉ सुमेधा कटारिया ने भी रेशमा के काव्य-संग्रह तथा कहानियों कि बहुत प्रशंसा करी। इस मौके पर चंडीगढ़ से आये "अलंकार थिएटर ग्रुप" ने एक नाटक प्रस्तुति भी करी जिसमे खुद रेशमा ने भी एक सरप्राइज भूमिका निभाई तथा दर्शकों को थिएटर एक्टिंग के हुनर का परिचय दिया।

संत शिरोमणि के 648 वें जन्मोत्सव पर जिलेभर में कार्यक्रम, जगह-जगह लगे भंडारे और शोभायात्राएं निकालीं

शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का दृष्टिकोण सर्वव्यापी और पूरी मानवता के लिए था : चेयरमैन

हरिभूमिन्यूज ▶▶| तरावड़ी/करनाल

जिलेभर में बुधवार को जगह-जगह संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी के 648 वें जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं तरावड़ी में नगर पालिका चेयरमैन वीरेन्द्र बंसल ने संत शिरोमणि के जन्मोत्सव पर गुरुद्वारा रोड पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों ने फूल माला और सिरोपा पहनाकर स्वागत किया। बंसल ने सभी लोगों को जन्मोत्सव की बधाई दी। कार्यक्रम में रामप्रसाद गुर, ओमप्रकाश गुर, सुनील सिल्ला ने चेयरमैन वीरेन्द्र बंसल को सरोपा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बोलते हुए चेयरमैन वीरेन्द्र बंसल ने कहा कि भारतीय संत परंपरा में कहीं बहुमूल्य और कीमती संत हुए हैं परंतु भारतीय क्षितिज पर जिस तरह संत रविदास जी चमकते है उस तरह की चमक किसी और में खोजना मुश्किल है। संत रविदास जी ने समाज को समानता व मानवता का संदेश दिया और प्रेम व भाईचारे को जीवन का आधार बताया। संत रविदास जी ने अपनी वाणी के माध्यम से कहा की ऐसा चाहू राज जहां मिले सभी को अन्न छोटा बड़ा कोई ना हो रविदास रहे प्रसन्न। इस प्रकार की गुरु जी की अमृतवाणी से हमें प्रेरणा मिलती है कि गुरुजी सभी के लिए एक समान समाज की स्थापना करना चाहते हैं जहां हर किसी को भरपेट खाना मिले और कोई भूखा ना सोए। किसी को तकलीफ ना हो सभी लोग प्रेम और सौहार्द से साथ में रहे। गुरुजी ने अनेक प्रकार के कष्ट सहकर मानव मात्र को सत्य पवित्र सुचारू और प्रगतिशील जीवन जीने की उत्तम सोच दी। उन्होंने नाम सिमरन करना और बांटकर खाने का सत्य मार्ग ही नहीं बताया बल्कि समस्त समाज को रूहानियत का मार्ग भी दिखाया। वह पूरे समाज की भलाई के लिए धर्म के ठेकेदारों की धार्मिक गुलामी से मुक्त कराना चाहते थे। मौके पर सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर धर्म सिंह, कर्मवीर गुर, प्रवीन गुर, सुनील गुर, संजय बामनिया व जोनी मौजूद थे।

तरावड़ी। रविदास जयंती के अवसर पर शहर मे निकाली गई शोभा यात्रा व पालकी के समक्ष नतमस्तक होते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

रविदास जी के मार्ग पर चलकर बनाएं

तरावड़ी। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 648 वीं जयंती के उपलक्ष में समस्त रविदास सभा व नगर निवासियों के सहयोग से नगर कीर्तन एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई समाजसेवी लोगों ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। यह कार्यक्रम श्री गुरु रविदास मंदिर फुट्टी तरावड़ी में हुआ। सभा के प्रधान रामचंद्र ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती पर विशाल नगर कीर्तन का शुभारंभ किया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और शहरवासियों द्वारा इस नगर कीर्तन का जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया। नगर कीर्तन शहर के गुरुद्वारा रोड, मेन बाजार, करनाली गेट, सौंकड़ा पुलिया, रेलवे रोड व दयानगर बस्ती समेत कई स्थानों से होता हुआ वार्ड-6 फुट्टी तरावड़ी में समाप्त हुआ। वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास ने मानवता के पथ पर चलने की प्रेरणा दी थी। इस अवसर पर युवा नेता राजीव गोंदर ने कहा कि संत गुरु रविदास जी के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाने का काम करना चाहिए। प्रत्येक वर्ग के लोग संत रविदास की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हैं और उनकी शिक्षाएं हमें भाईचारे का संदेश देती हैं।

समाज सुधारक थे संत रविदासः राणा

करनाल। संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की जंयती के अवसर असंध विधायक योगेन्द्र राणा हल्के के गांव मुनक, बल्ला, सालवन व असंध शहर के वार्ड नं 1 में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचें और गुरू रविदास जी को नमन किया। इस अवसर पर विधायक योगेन्द्र राणा ने गुरु रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु रविदास की आज 648वीं जयंती है । गुरु रविदास जी को उन्हें रैदास के नाम से भी जाना जाता है और वे उत्तर भारतीय भक्ति आंदोलन के सबसे प्रसिद्ध संतों में से एक थे। इस अवसर पर बल्ला मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगडा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित सालवन, प्रवीन मुनक, मुनक ब्लॉक समिति वाईस चेयरमैन अजय कुमार, जोगेन्द्र पांचाल, रणदीप सालवन, एस.सी. मोर्चा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश, सज्जन अत्री, असंध मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, पूर्व चेयरमैन हरबीर, पार्षद ऋषि मुंडे, जय कुमार, नरेश जयसिंहपुरा, जय भगवान जांगड़ा, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

माघ पूर्णिमा पर देवधाम में किया हवन-यज्ञ

■ माघ पूर्णिमा पर श्री कृष्ण गऊशाला में कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला के देवधाम में हवन यज्ञ किया गया। यजमानों के साथ गऊशाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने भी हवन यज्ञ में आहूतियां डालीं। मंत्रोच्चारण के साथ गायों की पूजा अर्चना की गई। गुड़ और चारा खिलाकर उनकी सेवा भी की गई। यजमानों के रूप में कुलदीप गोयल, सुनील गुप्ता, अरुण गुप्ता, सुभाष गुप्ता, राम कुमार गुप्ता, दुलिया राम शर्मा, आशीष गुप्ता, प्रदीप सिंगला, बलबीर लाठर व कपिल गुप्ता ने शिरकत की। इस मौके पर श्री कृष्ण गऊशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि माघ पूर्णिमा के दिन स्नान और तर्पण के बाद पितरों की प्रसन्नता के लिए अन्न और वस्त्र का दान करना शुभ माना जाता है। विशेष रूप से सफेद वस्त्रों का दान करने से पितरों की कृपा प्राप्त होती है और पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण गऊशाला का संचालन किया जा रहा है। गायों की सेवा और सुरक्षा करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

संत गुरु रविदास जी ने समाज उत्थान के लिए अनेक कार्य किए : कृष्ण भुक्कल

करनाल। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती देश भर में बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कुरुक्षेत्र प्रभारी कृष्ण भुक्कल ने भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज को नमन किया। कृष्ण भुक्कल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने अनेक समाज सुधारक कार्य किए। संत गुरु रविदास जी ने समाज उत्थान के लिए कार्य किए और उन्हें समाज में बराबर का हक दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास के जीवन से हमें बहुत शिक्षा मिलती है। हमें उनकी जीवनी के बारे में अवश्य जानना चाहिए, तभी हम समाज में आगे बढ़ सकते हैं और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि रविदास जी ने अपना पूरा जीवन समाज और लोगों के कल्याण में लगा दिया। उन्होंने कहा कि संत किसी एक समाज के न होकर बल्कि समस्त समाज के होते है। हमें उनके मूल्य और अध्यक्षों का अनुसरण करना चाहिए।

भाजपा नेता कृष्ण भुक्कल।

गुरु रविदास जी की शिक्षाएं समानता, विनम्रता और करुणा के मूल्यों को देती है बढ़ावाः जगमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया था, उनकी शिक्षाएं समानता, विनम्रता और करुणा के मूल्यों को बढ़ावा देती है जो एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए आवश्यक है। विधायक जगमोहन आनन्द बुधवार को गांव काछवा में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में श्री गुरु रविदास जी के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी एक समाज सुधारक थे, उनके भक्ति गीत और भजन आन्तरिक शुद्धता और ईश्वर के प्रति समर्पण पर केंद्रित थे। इस मौके पर विधायक जगमोहन आनन्द ने विधानसभा चुनावों में भरपूर सहयोग देने के लिए सभी का धन्यवाद किया और कहा कि करनाल मेरा परिवार है। इस कार्यक्रम के बाद विधायक जगमोहन आनन्द ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में कैथल-पिंगली रोड, गांव सैदपुरा, गांधी नगर, सेक्टर -32, जाटो गेट, सेक्टर-16 में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की तथा श्री गुरु रविदास जी के चरणों में नमन किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, प्रधान अमृत लाल जोशी, दीपक शर्मा, काछवा गांव के सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, पूर्व सरपंच बिट्टू, पूर्व सरपंच बंसीलाल, जोगिन्द्र सिंह, ओमप्रकाश, सहित विभिन्न कार्यक्रमों में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



घरौंड़ा में नगर कीर्तन निकाला

हरिभूमिन्यूज ▶▶| घरौंड़ा

शहर में संत गुरू रविदास मन्दिर में संत शिरोमणी श्री गुरू रविदास महाराज जी के 648 वे जन्मोउत्सव बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। जिसको लेकर मन्दिर मे भण्डारे का आयोजन किया गया। जन्म उत्सव को लेकर शहर के मुख्य मार्गो से नगर कीर्तन निकाला गया। जिसकी अगुवाई संत गुरू रविदास महाराज जी की पालकी साहिब पंच प्यारो ने की। गतका पार्टी व पटा पार्टी ने भी अपने अपने करतब दिखाए । नगर कीर्तन का शहर में जगह जगह पर लोगो ने स्वागत किया। बुधवार को संत श्री रविदास के जन्मोत्सव पर नगर कीर्तन रविदास मंदिर से शुरू किया गया। जोकि रेलवे रोड, मंडी मनी राम, मुख्य बाजार सहित अन्य मार्गो से होता हुआ रविदास मंदिर में पहुंचा। संत गुरु रविदास जयंती को लेकर समाज की महिला, पुरुषों व बच्चों ने बड़े ही उल्लास के साथ प्रभात फेरी भी निकली। इस अवसर पर अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ.बलवान सुलेख ,ओमप्रकाश ,चाँदराम कटारिया ,रोशन लाल ,डॉ भीम राव अम्बेडकर युवा समीति के प्रधान सोनू रगां ,पूर्व प्रधान चन्द्रभान सुलेख, ओम प्रकाश छांछीया,बलवान जेई, प्रदीप सुलेख ,राकेश नरवाल ,दीपक, रोहताश सुलेख,पार्षद बलविन्दर सिहमार,पूर्व पार्षद रामसिह. नैहरा, जोगिंदर चोपडा, रिकूं सिहमार,राजू टैंट हाऊस, जयपाल मास्टर ईशवर ग्रवोर , सिहमार ,राजेश रगां,रवि फूले, विकी, कपिल, राजबीर अन्य मौजूद रहे।

जेनिसिस के रिद्म गोयल ने प्राप्त की 99.99 परसेंटाईल

करनाल। उत्तर भारत में जेनिसिस क्लासिस हर बार की तरह इस बार भी अपना अव्वल स्थान सुनिश्चत किया। संस्थान के 21 बच्चों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। कल शाम जेइइ-मेंस के परीक्षा का प्रथम चरण का परिणाम घोषित किया गया। इसमें जेइइ-मेंस में लगभग 40 बच्चों ने 98 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त कर अपना दबदबा कायम किया। पिछले साल भी जेनिसिस के विद्यार्थियों के रूप में सफलता अर्जित की। जानकारी देते हुए जेनिसिस क्लासिस के डायरेक्टर जितेंद्र अहलावत तथा नवनीत सिंह ने कहा कि जेनिसिस ने गत 14-15 वर्षों में बच्चों के साथ मिलकर सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए। रिद्म गोयल 99.99 परसेंटाइल, आयुष अरोड़ा 99.88 परसेंटाइल,शिवम चहल 99.87 परसेंटाइल,रणबीर मलिक 99.78 परसेंटाइल तुषार 99.77 परसेंटाइल भविष्य धनकेर 99.76 परसेंटाइल हार्दिक 99.73 परसेंटाइल)रिषभ जैन 99.65 परसेंटाइल प्रियम गुप्ता 99.63 परसेंटाइल देवर्ष नैय्यर 99.61 परसेंटाइल अर्श गांधी 99.57 परसेंटाइल भविष्य चौधरी 99.52 परसेंटाइल केशव गुप्ता 99.51 परसेंटाइल तन्वी 99.48 परसेंटाइल हार्दिक गुप्ता 99.33 परसेंटाइल गुनीश गर्ग 99.30 परसेंटाइल सार्थक अरोड़ा 99.19 परसेंटाइल ओम शर्मा 99.17 परसेंटाइल जानवी गुप्ता 99.07 परसेंटाइल सौम्या 99.05 परसेंटाइल मंदीप सैनी 99.05 परसेंटाइल हासिल कर करनाल व जेनिसिस का नाम रोशन किया। जेनिसिस क्लासिस के डायरेक्टर जितेंद्र अहलावत ने बताया कि जेनिसिस क्लासिस में सफलता के नए आयाम स्थापित करने के पीछे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाकर रखना।

संत ने भूली-भटकी मानवता को दिखाई राहः भगवानदास

■ विधायक कबीरपंथी ने रविदास जयंती पर गावों में कार्यक्रमों में शिरकत की

हरिभूमिन्यूज ▶▶| तरावड़ी

विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया था, उनकी शिक्षाएं समानता, विनम्रता और करुणा के मूल्यों को बढ़ावा देती है जो एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए आवश्यक है।

विधायक कबीरपंथी बुधवार को गांव सीदपुर में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में श्री गुरु रविदास जी के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वो युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार दें और उनके समाज व देश उत्थान के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार करें। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी एक समाज सुधारक थे, उनके भक्ति गीत और भजन आन्तरिक शुद्धता और ईश्वर के प्रति समर्पण पर केंद्रित थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक ऐसी दुनिया की कल्पना की जहां सभी का सम्मान किया जाता है और सभी को समान रूप से महत्व दिया जाता है। उनका जीवन और शिक्षाएं लोगों को धार्मिक व सामाजिक बाधाओं को तोडते हुए एक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने भाईचारे और शांति को बढ़ावा दिया, वे एक महान संत और उपदेशक थे बल्कि एक प्रतिभाशाली कवि भी थे। उनका संदेश लोगों को प्रेरित करता है, उनका जीवन लोगों को सदाचारी और धार्मिक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करता है। गुरु रविदास जी ने जातिगत भेदभाव का कड़ा विरोध किया था और प्रेम और मानवता पर आधारित जातिविहीन समाज के विचार को बढ़ावा दिया था।

12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

करनाल। बाबा राम दास विद्यापीठ कलवेहड़ी में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। 11 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर विद्यापीठ के चेयरमैन वैद्य देवेन्द्र बतरा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यापीठ की मैनेजर साबिया बतरा, यश बतरा और प्रधानाचार्या नीनू चांदना ने भी अपने विचार रखे। 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को प्रकट करते हुए कहा कि यह स्कूल और अध्यापक हमारे जीवन का अमूल्य भाग हैं जो हर पल हमारे जीवन में प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। विद्यापीठ की मैनेजर साबिया बतरा और प्रधानाचार्या नीनू चांदना ने विद्यार्थियों को कहा कि वह समाज के अच्छे नागरिक बने और अपने माता-पिता, स्कूल,समाज और देश का नाम रोशन करें। इसके बाद 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों का स्ट्रीम के अनुसार मिस्टर और मिस फेयरवेल का चुनाव हुआ, जिसमें आट्र्स में से तेजस और कशिश, साइंस में आर्यन और सानवी और कॉमर्स में गर्व और शैलजा चुने गए। 11वीं के विद्यार्थियों ने 12वीं के विद्यार्थियों को उपहार देकर समारोह का समापन किया गया।

रामलीला मैदान में सांग कार्यक्रम की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में बुधवार को सांग कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सांगी बसेशर सिंह एंड पार्टी द्वारा सांग वीर विक्रमाजीत में दिखाया गया कि राजा विक्रमाजीत उज्जैन में राज कर रहे हैं और उनके राज्य में देवलोक से परमहंस पहुंच जाते हैं। विक्रमाजीत के पूछने पर परमहंस बताते हैं कि उनकी हंसनी को इंद्रदेव ने कैद कर लिया है और उन्हें 12 वर्षों के लिए देवलोक से निकाल दिया है। वीर विक्रमाजीत हंसों की पीड़ा से दुखी हो जाते हैं और हंसों की हंसनी को इंद्र की कैद से छुड़ाने के लिए निकल पड़ते हैं। इस मौके पर सभा के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि सांग का आयोजन 23 फरवरी तक किया जाएगा। 24 फरवरी को सांगी बसेशर सिंह व सांगी मोहमद मीर प्रस्तुति देंगे। 24 फरवरी को रागिनी कम्पीटिशन में पेप्सी शर्मा अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। 19 से 25 फरवरी तक शिव पुराण कथा का आयोजन सत्यनारायण मंदिर हनुमान गली में किया जाएगा। आचार्य मिथलेश नंदन जी कथा सुनाएंगे। इधर रोजाना की तरह शिव मंदिर सर्राफा बाजार से प्रभातफेरी निकाली गई। सुबह पांच बजे आरती करने के बाद श्रद्धालु भोलेनाथ की पालकी के साथ रवाना हुए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया गया।

शिव भक्तों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया। इस अवसर पर अमरजीत मित्तल, सोनू, जयभगवान, बी.बी. गुप्ता, रत्न गुप्ता, श्याम, सुनील, संजय गोयल, अशोक, प्रवीण, हुकमा, उषा, निशा, पूनम, रोशनी, ओमप्रकाश, सुशील, मधु व आयशा मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को कृमिनाशक दवा का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार डी-वर्मिंग कैंप का सफल आयोजन महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस और रेड रिबन क्लब ने किया । यह पहल बच्चों और किशोरों में आंतों में होने वाले कृमि संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से की गई, जिसका संचालन प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को कृमिनाशक दवा के महत्व और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। कुल 891 विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल (चबाने योग्य) टैबलेट देकर कृमि संक्रमण से बचाव किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें डॉ. मंजू सिंह, डॉ. सुनीत भंडारी, डॉ. सुषमा ठाकुर, और डॉ. संगीता गोरांग शामिल रहीं। इसके साथ ही, यूथ रेड क्रॉस काउंसलर/संयोजक डॉ. दीप्ति शर्मा और रेड रिबन क्लब संयोजक डॉ. पूनम कुंडू ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे महाविद्यालय ने इस शिविर को सुचारू रूप से संपन्न कराने में अहम योगदान दिया, जिसमें संजना रहेजा, डॉ. अनुराधा नागिया, लखविंदर कौर, डॉ. अंजू नरवाल, डॉ. श्वेता धवन, डॉ. साक्षी अनेजा, डॉ. नादिया और अन्य शिक्षिकाएं शामिल रहीं।

खबर संक्षेप

सीआईए थ्री ने धोखाधड़ी का आरोपी पकड़ा

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने मृत्यु की कगार पर खड़े लोगों की बीमा पॉलिसी करवा कर धोखाधड़ी से बीमा पॉलिस के पैसे हड़पने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी सलीम निवासी हरि नगर नरवाना जीन्द हाल मौहाली पंजाब को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। जबकि इस मामले में थाना सेक्टर 13/17 में बीएनएस की धारा 316(2), 318(4) के तहत के दर्ज है।

एंटी नारकोटिक्स सेल ने नशा तस्कर किया काबू

पानीपत। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सोनल सिंह निवासी सरेया बसंत छपरा बिहार हाल किराएदार गंगापुरी रोड को 1 किलो 404 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि आरोपी सोनल सिंह के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया और कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है।

सीआईए वन पुलिस ने चोर को पकड़ा

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने सिवाह बस अड्डा पर बस में से सवारी का बैग चोरी करने वाले आरोपी को लोकेश पुत्र मोहन निवासी चुचेला कला अमरोहा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि बैग में एक लैपटॉप व एक मोबाइल फोन था। बैग चोरी की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में पंचकूला निवासी कमल पुत्र जीत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

घर से जेवर व 10 हजार की नगदी चोरी

पानीपत। पानीपत के वार्ड 11 निवासी किरण के घर से चोरों ने उनमें से 15 ग्राम वजनी सोने की चेन, 2 ग्राम का लोकेट, 5 ग्राम के टॉप्स, चांदी की पायल और 10 हजार की नगदी चोरी कर ली। घटना के समय किरण अपनी पुत्री के निवास पर गई हुई थी। इधर, किरण की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कॉलोनी से लड़की लापता, केस दर्ज

पानीपत। पानीपत थर्मल पावर प्लांट के पास की एक कॉलोनी से 19 वर्षीय युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों ने लड़की की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, लड़की के पिता की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने केस दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई

पानीपत। पानीपत की बरसत रोड स्थित पांचाल अस्पताल के पास कृष्णा गार्डन में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जन्मोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। गुरु रविदास जी को हवन यज्ञ कर आरती उतारी गई तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हवन के बाद लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धर्मपाल तंवर, जसमेर, बिजेंद्र, डा. पूरन सिंह पांचाल, धर्मवीर, डा.अश्वनी पांचाल, अनिल कुमार, अमित पांचाल, शुभम ,अमन ,प्रवीण पांचाल, विनोद पांचाल, मोहन लाल, बालकिशन भान, दर्शन देवी, रीना देवी, सरिता व प्रीति आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

रविदास जयंती पर यज्ञ कर भंडारा किया

पानीपत। पानीपत के गांव कुराड़ स्थित रविदास मंदिर में संत रविदास जयंती पर हवन व भंड़ारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रामकरण शर्मा, पूर्व जिला पार्षद श्याम लाल, पूर्व सरपंच पालेराम,बलबीर भौरिया, जयनारायण भौरिया,प्रकाश सिंहमार, दलबीर भौरिया, कपूर चंद, रमेश कुराडिय़ा, राजसिंह सिंहमार,सुरेश भौरिया, राहुल भौरिया, रोहित भौरिया, सतीश कुमार, जगमेर व मुकेश सिंहमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में मनाई ऋषि दयानंद की जयंती

भारत को कुरीतियों से मुक्त देश बना रहा है आर्य समाज : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत। ऋषि दयानंद की जयंती समारोह में प्रदेश भर से आए आर्य समाजी तथा इनसेट में मंडल स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए आर्य रणदीप कादियान। फोटो : हरिभूमि

आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में ऋषि दयानंद की जयंती के अवसर पर मंडल स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के मंत्री उमेद शर्मा रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की। प्रधान वीरेंद्र पाढ़ा, आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधान सुमित्रा अहलावत, उप प्रधान कुलदीप कुराड, प्रधानाचार्य डॉ. अशोक आर्य, उप प्राचार्य जगदीश चहल, कार्यालय अधीक्षक सत्यवान आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के सभी अंतरंग सदस्यों ने भी मुख्य रूप से भाग लिया। इस समारोह में करनाल पानीपत, सोनीपत और रोहतक के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य भी मौजूद रहे। इधर, समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री उमेद शर्मा ने कहा कि समाज से अज्ञानता, अशिक्षा, अंधविश्वास और अस्पृश्यता को समाप्त करने और मानवता की स्थापना के लिए ही ऋषि दयानंद ने जन्म लिया था। आज विश्व में आर्य समाज की लगभग 10 हजार से अधिक संस्थाएं और आर्य शिक्षण संस्थाएं भी ऋषि दयानंद की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मना रही हैं। उन्होंने कहा कि आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने पर आगामी 9 मार्च को दयानंद मठ रोहतक के परिसर में आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों के आर्य समाजी बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे। उन्होंने सभी वेदिक धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया कि वह इस सम्मेलन में बढ़-चढ़ कर भाग लें और ऋषि दयानंद की शिक्षाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। समारोह की अध्यक्षता करते हुए आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने ऋषि दयानंद का जीवन परिचय देते हुए कहा कि ऋषि दयानंद ने सत्य की खोज करने के लिए तपस्वी के रूप में लगभग 15 वर्षों तक गहन तपस्या की। फिर उन्हें गुरु विरजानंद दण्डी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और उन्होंने चारों वेदों का गहन अध्ययन करके सत्यार्थ प्रकाश की रचना की। आज आर्य समाज 10 हजार से अधिक संस्थाएं और सभी शिक्षण संस्थाएं ऋषि दयानंद के बताए मार्ग पर चलते हुए छात्रों को वैदिक शिक्षा के साथ-साथ उच्च कोटि के संस्कार देने का कार्य भी कर रही हैं। भारत को कुरीति मुक्त देश आर्य समाज बना रहा है। इस अवसर पर दिलबाग गगसीना पुनीत आर्य पंचकूला, राजेंद्र इसराना दिलबाग जगदेव रामेश्वर ओमपाल कालवा जिला वेद प्रचार मंत्री जगदीश बुआना सुभाष सलवान नरेंद्र कालवा विजय आर्य बिंधल डॉ नायाब आटा, प्रमोद घरौंडा कुलदीप कुराड आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओमदत्त आर्य भी मौजूद रहे।


पानीपत। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देते हुए राहुल विज, शशि कपूर, जोगिंद्र स्वामी।

मानवता की राह पर चलते हुए 80 युवाओं ने रक्तदान किया

- विधायक प्रमोद विज के पुत्र एवं भाजपा नेता राहुल विज ने शशि कपूर के साथ जाकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया
- सचिव गौरव रामकरण ने जन आवाज सोसाइटी की सरहाना की

पानीपत। जन आवाज सोसाइटी के रक्तदान शिविर में 80 युवाओं ने रक्तदान किया। जिसमें विधायक प्रमोद विज के पुत्र एवं भाजपा नेता राहुल विज ने शशि कपूर के साथ जाकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए शहर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर खुद को स्वस्थ रखने के साथ रक्त के जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने की अपील की। उन्होंने कोविड लाकडाउन में जोगेंद्र स्वामी और उनकी टीम द्वारा रक्तदान की सेवाओं की सरहाना की। रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव गौरव रामकरण ने जन आवाज सोसाइटी की सरहाना की। जबकि जन आवाज सोसाइटी के प्रधान जोगेंद्र स्वामी ने कहा कि हमारी टीम का उद्देश्य जनता की सेवा करना है। इस अवसर पर पंकज, अमित मलिक, गगी, बंटी, जोगिंदर, जगविंदर, अशोक, परमजीत, महावीर, गोवर्धन, सुरेंद्र, प्रमोद, अमित कपूर, जैसलमेर, अंशुल ,सोनू, सुमित, धर्मवीर, राजीव, राजेश, मुकेश , शर्मा ,नितिन ,प्रवीण ,विनोद ,अमित , आशीष फौर, सतीश ,पंकज, भारत ,गागी , प्रशांत ,अंकित ,राहुल ,अब्दुल, विक्रम , पवन सांगवान ,सनी ,साहिल ,सलीम, सुरेश, प्रवीण ,धीरज ,प्रवीण ,नरेंद्र,भूषण रवि,कुमार ,अंजू ,संदीप ,राकेश हर्षित , कर्मवीर मिस्त्री ,गौरव, सत्यवान, प्रशांत , अक्षय माटा आदि ने रक्तदान किया।

निजी स्कूल विद्यार्थियों की सुरक्षा को मजबूत करें : बूरा

समालखा। समालखा खंड में मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज की अध्यक्षता में सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कई अहम निर्देश दिए गए। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर स्टूडेंट की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें और परीक्षा को पूरी तरह नकल मुक्त कराएं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी स्टूडेंट के आधार आईडी बनवाने और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निजी स्कूलों को छात्रों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने और उनकी आवाजाही के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया। जिला एफएलएन संयोजक अनिल मलिक ने बताया कि स्टूडेंट की उपस्थिति बढ़ाने के लिए 'बुलावा टोली' के माध्यम से घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा।

पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

साइबर सिक्योरिटी के लिए हमेशा सतर्क रहें : डॉ. शशि

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आईबी कॉलेज में कंप्यूटर विभाग में बीसीए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन विनय भारती और डॉ. नीतू के द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रहा। बीसीए फाइनल ईयर के सभी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाए गए, जिसमें उन्होंने पोस्टर के माध्यम से यह दर्शाया कि किस तरह से आज के समय में स्कैम हो रहा है और हमें इस स्कैम से बचने के लिए क्या-क्या करना चाहिए। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक द्वारा विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी एक ऐसा विषय है जिसमें सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी के बारे में सभी को अवेयर होना बहुत जरूरी है ताकि आईटी से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिम से बचा जा सके।

इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका अश्विनी गुप्ता और दिप्ती जुनेजा द्वारा निभाई गई। इस कार्यक्रम में अजय पाल सिंह, मोहित, प्रीति मलिक, मिलन शर्मा, नीरू, पूजा रूहल, पूजा शर्मा, टिंकू, श्रीगणेश, संगीता आदि उपस्थित रहे ।

गुरु रविदास की शिक्षाओं का पालन करें : राहुल

पानीपत। संत रविदास की जयंती पर अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए कार्यक्रम आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

संत रविदास जयंती के अवसर पर पानीपत के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया गया। भाजपा के युवा नेता एवं विधायक प्रमोद कुमार विज के सुपुत्र राहुल विज व शशि कपूर प्रधान पानीपत युवा सगठन एवं बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन पानीपत के प्रधान ने कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु रविदास जी की प्रतिमा के समक्ष नमन किया एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे पूज्य संत गुरु रविदास जी को उनकी जन्म-जयंती पर नमन करते है। समाज से भेदभाव के उन्मूलन के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। गुरु रविदास की शिक्षाओं का पालन करें। सेवा, सौहार्द और भाईचारे की भावना से भरे उनके संदेश समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए सदैव पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता व कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

सीबीएसई के विद्यार्थियों को अपने स्कूल की वर्दी में देनी होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानि सीबीएसई की वार्षिक परीक्षाओं में नियमित विद्यार्थियों को स्कूल की वर्दी में परीक्षा देनी होगी। ड्रेस कोड से ही विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड के साथ स्कूल पहचान-पत्र लाना होगा। सीबीएसई ने 10वीं, 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्मरणीय है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ, छात्रों को परीक्षा के दिन भ्रम से बचने के लिए सीबीएसई परीक्षा दिशानिर्देश, ड्रेस कोड और परीक्षा केंद्र पर निषिद्ध वस्तुओं के बारे में जानना चाहिए। यदि कोई छात्र परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करता पाया जाता है, तो उसे सभी विषयों में वर्तमान और अगले वर्ष की परीक्षा देने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उन्हें अगले वर्ष केवल पूर्ण विषय की परीक्षा देने की अनुमति होगी। इधर, सीबीएसई 10वीं या 12वीं बोर्ड परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड का पालन करना जरूरी है। इसमें नियमित और प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग नियम बनाए गए हैं। नियमित विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर परीक्षा केंद्र जाने की सलाह दी गई है। प्राइवेट विद्यार्थी हल्के और सहज कपड़े पहनकर केंद्र जा सकते हैं। उन्हें

परीक्षा केंद्र में ये वस्तुएं रहेंगी प्रतिबंधित

सीबीएसई परीक्षा केंद्र के अंदर डिजिटल वॉच, स्मार्टवॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने की मनाही है। विद्यार्थी एनालॉग घड़ी पहनकर जा सकते हैं। किसी भी तरह का प्रिंटेड या रिटेन मैटीरियल लेकर न जाएं। परीक्षा केंद्र के अंदर कैलकुलेटर, पेन ड्राइव और लॉग टेबल लेकर जाने की मनाही है। इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, कैमरा जैसी चीजों के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षाएं 15 से शुरू

सीबीएसई बोर्ड 10वीं, 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा एडमिट कार्ड कुछ दिन पहले जारी कर दिए गए थे। विद्यार्थी अपने एडमिट कार्ड स्कूल से प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को ड्रेस कोड समेत सभी निर्देशों का पालन करना होगा। विद्यार्थी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के दिशा-निर्देश सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी देख सकते हैं। सीबीएसई बोर्ड स्कूलों से संबद्ध प्राइवेट विद्यार्थियों को अपने एडमिट कार्ड खुद ही डाउनलोड करने होंगे। इसके लिए सीबीएसई की परीक्षा संगम वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

पानीपत में 12 हजार परीक्षार्थी

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल के करीब 12 हजार विद्यार्थी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा देंगे। इनमें 10वीं कक्षा के करीब 6500 और 12वीं कक्षा के करीब 5500 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 10.30 बजे शुरू होगी। परीक्षार्थियों का सुबह 10 बजे तक केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। किसी भी विद्यार्थी को सुबह 10 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए उन्हें समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना चाहिए।

विद्यार्थियों के लिए तय किए गए है नियम

विद्यार्थियों को स्कूल की वर्दी में जाना होगा। साथ ही सीबीएसई की ओर से जारी किए गए एडमिट कार्ड और स्टेशनरी आइटम के अलावा स्कूल के पहचान-पत्र को ले जाना होगा। उनका सत्यापन इसी से किया जाएगा। वहीं, सीबीएसई के प्राइवेट विद्यार्थी परीक्षा केंद्र के अंदर एडमिट कार्ड के साथ सरकारी फोटो आईडी (वोटर आईडी, आधार कार्ड या पासपोर्ट) लेकर जा सकते हैं। विद्यार्थी ट्रांसपेरेंट पाउच में स्टेशनरी का सामान, नीला पैन, स्कूल, राइटिंग पैड, इरेजर लेकर जा सकते हैं। परीक्षार्थी हाइड्रेशन के लिए पानी की ट्रांसपेरेंट बॉटल लेकर जा सकते हैं। बोतल को किसी कवर में भी न रखें।

जेईई मेन्स में आकाश एजुकेशनल की नेहा व पीयूष ने पाए 99.75 अंक

पानीपत। जेईई मेन्स 2025 सेशन 1 में पानीपत के दो छात्रों ने 99.99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर किया है। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में नेहा ने 99.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिटी टॉपर बनी। जबकि पीयूष महेश्वरी ने 99.36 प्रतिशत अंक हासिल किए। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने छात्रों को बधाई देते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना की। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मुख्य अकादमिक और व्यवसाय प्रमुख अमित सिंह राठौर ने कहा कि हम अपने छात्रों की जेईई मेन में उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी मेहनत और समर्पण, सही मार्गदर्शन के साथ मिलकर इन उत्कृष्ट परिणामों का कारण बने हैं। वहीं टॉप करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों और आकाश सर्विसेज के स्टाफ मेंबर्स को दिया है। उनका कहना है कि उनके साथ-साथ इन सभी ने 2 साल तक हमारी परीक्षा के लिए दिन-रात मेहनत की। दोनों विद्यार्थियों का कहना है कि वह इंजीनियर बनकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहते हैं।

ट्रेनिंग कैंप भूमिगत जल का दोहन बंद कर पर्यावरण को बढ़ावा दें : डॉ. अरोड़ा

एसडी कॉलेज की वाईआरसी महिला कार्यकर्ताओं ने यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा के साथ वाईआरसी महिला कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

सडी पीजी कॉलेज पानीपत की चार वाईआरसी महिला कार्यकर्ताओं ने हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ द्वारा नंगली बेला आश्रम, हरिद्वार (उत्तराखंड) में 5 से 10 फरवरी तक आयोजित छः दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में शानदार प्रदर्शन किया और प्रकृति एवं पर्यावरण को नजदीक से महसूस कर इसे संरक्षित करने के गुण खुद में विकसित किए। नीरू, नेहा, शीतल और स्वीटी ने कॉलेज वाईआरसी का प्रतिनिधित्व करते हुए इस आवासीय कैंप में हिस्सा लिया जिसमें हरियाणा प्रदेश अन्य कालेजों के 120 कार्यकर्ता शामिल रहे। कैंप के सफल समापन के उपरान्त कॉलेज पहुंचने पर सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, डॉ. राकेश गर्ग, प्रो प्रवीन आर खेरडे, डॉ. पवन कुमार, डॉ. मुकेश पुनिया, डॉ. एसके वर्मा, डॉ. बलजिंदर सिंह, प्रो मनोज कुमार और अन्य प्राध्यापकों ने किया। वहीं, दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान ने अपने सन्देश में कहा कि हमें अपने चारों ओर के वातावरण को संरक्षित करने का तथा हमारे जीवन के अनुकूल बनाए रखने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। जबकि प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि हमें एक ही धरती मिली है और इसकी चिंता हमें ही करनी होगी। इस प्रकार के कैंप के आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के प्रति सभी की चेतना को जागृत करना है। अगर हमने पर्यावरण में संतुलन बनाए रखा होता और इसका अर्थहीन दोहन न किया होता तो जो हालात धरती पर आज पैदा हो गए है वह कभी न होते । प्रकृति हमे बार-बार चेतावनी देती आई है कि हम उससे अनवांछित छेडछाड़ न करे और उसके साथ भी उचित व्यवहार करें। वाईआरसी कैंप का उद्देश्य पर्यावरण के साथ सदभाव में रहना सिखाना और इस की सुरक्षा के प्रति सभी की चेतना को जागृत करना है।

निगम चुनाव में भाजपा की हार तय : सुरेंद्र

पानीपत। पानीपत के हुडा सेक्टर 25 स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में नगर निगम चुनावों को लेकर आप के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम चुनाव प्रभारी सुरेंद्र अहलावत ने की। वहीं, बैठक में सुखबीर मलिक, अजय सिंगला, डॉ.नरेंद्र जेसिया, जितेंद्र जुनेजा, युवा जिलाध्यक्ष योगेश कौशिक, जसबीर कादियान, यशपाल पंवार, ललित गर्ग, मुकेश कौशिक, मनीष दुबे आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निगम चुनावों को पार्टी पूरी मजबूती से लड़ेगी और मेयर पद सहित प्रत्येक वार्ड में जनता की भावनाओं के अनुरूप ही साफ छवि के ईमानदार प्रत्याशी तय किए जाएंगे। मेयर व पार्षद पद के लिए 13 फरवरी से लेकर 18 फरवरी तक आवेदन जमा करने की तारीख तय की गई। सुरेंद्र अहलावत ने दावा किया कि भाजपा के कुशासन से आप ही मुक्ति दिलवाएगी। निगम चुनाव में भाजपा की हार व आप की जीत तय है।

जिले में धूमधाम से मनाई संत रविदास जयंती

गुरु रविदास एक महान संत, दार्शनिक कवि, समाज सुधारक थे : सुमन सैनी

बैंड बाजे के साथ निकली शोभायात्राएं, गणमान्य हस्तियों ने भी लिया संत रविदास का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

संत रविदास महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित करते सुमन सैनी व मौजूद ग्रामीण।

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती बुधवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई। हर गांव व कस्बे में समारोह आयोजित किए गए। गणमान्य लोगों ने संत रविदास महाराज की शिक्षाओं का अनुशरण करने पर जोर दिया गया। इसके बाद भंडारे भी आयोजित किए गए।

सही रास्ता दिखाते हैं संत रविदास के दोहे

नारायणगढ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने संत शिरोमणी गुरू रविदास की जंयती पर गांव मिर्जापुर काठ में गुरू रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने गुरू रविदास जी को शत-शत नमन करते हुए सभी को गुरू रविदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंदिर कमेटी तथा ग्रामवासियों ने सुमन सैनी का स्वागत किया और उन्हें सिरोपा तथा स्मृति चिन्ह्न देकर उनका अभिनंदन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर हम उनके जीवन और उनके संदेशों को याद करते हैं। गुरु रविदास जी एक महान संत, दार्शनिक, कवि, समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई आध्यात्मिक ग्रंथों की रचना की है। उन्होंने मानवता की सेवा और प्रेम व भक्ति का संदेश दिया। उनके दोहे और कविताएं भी प्रसिद्ध है। उन्होंने शिक्षा और ज्ञान पर अधिक जोर दिया। गुरु रविदास जी ने समाज में समानता और एकता का संदेश फैलाया। उन्होंने कहा कि हम गुरु रविदास की जयंती पर उनके संदेशों को याद करते हैं और उनके जीवन को एक प्रेरणा के रूप में लेते हैं। हम उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करें और समाज में समानता और मानवता की सेवा के लिए काम करते रहे। उनका जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति और सादगी का महत्व सिखाती है। उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और भक्ति का संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। उनके दोहे भी प्रासंगिक है और मानवता को सही दिशा दिखाते है। मन चंगा तो कठौती में गंगा यानि यदि मन पवित्र और निर्मल है तो किसी भी स्थान पर किया गया कार्य पवित्र ही होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गुरू रविदास आदि संतों-महापुरूषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए हर वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए काम कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा संत महापुरूष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को संतों एवं महापुरूषों के जीवन से प्रेरित करना है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से आह्वान किया कि वे संत गुरू रविदास के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में एकता और भाईचारें के लिए काम करें। इस अवसर पर प्रधान बलबीर, मनमोहन सरपंच, बलविंद्र बाबा, मनजीत बाबा, जसविंद्र, राजपाल, हनीश सैनी, शिव कुमार, नीरज, राहुल सहित काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

गुरु रविदास की भक्ति में डूबे योग साधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ

नारायणगढ। संत रविदास महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित करते योग साधक।

भारतीय योग संस्थान, नारायणगढ़ द्वारा संतशिरोमणि गुरु रविदास जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष में बुधवार को सभी योग साधकों ने उनके भजनों पर योग किया। भक्तिरस से भरे इन भजनों से योग कक्षा का माहौल भक्तिमय हो गया। जय गुरु देव, गुरु रविदास मेरे मन बस गया, हे गुरु देव प्रणाम आपके चरणों में आदि भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भारतीय योग संस्थान के जॉन प्रधान संजय धीमान और केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा ने सभी को संत गुरु रविदास जी की जयंती की शुभकामनाएं दीं। संस्थान के प्रमुख सदस्य रेखा, मनोज वालिया, राजेश वर्मा और मा. संजय ने सभी को मिठाई खिलाकर जयंती की बधाई दी बता दें कि भारतीय योग संस्थान न केवल योग अभ्यास को बढ़ावा देता है, बल्कि भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों व तीज एवं त्योहारों को भी उत्साहपूर्वक मनाता है। जिससे समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे बढ़ता है। इस अवसर पर जॉन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि भारतीय योग संस्थान की निशुल्क योग कक्षाएं प्रतिदिन आहलूवालिया धर्मशाला में संचालित की जाती हैं। सुबह- 5:00 बजे से 6:00 बजे तक तथा शाम- 4:00 बजे से 5:00 बजे तक। उन्होंने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे इन कक्षाओं में भाग लें।

रुहानी वचनों से विश्व को दिया भाईचारे का संदेश

अंबाला। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने अपने रुहानी वचनों से विश्व को भाईचारे और एकता बनाने का संदेश दिया। इतना ही नहीं उन्होंने समाज में फैले ऊंच नीच के भेदभाव को भी समाप्त करने का काम किया। आज जरूरत है हम उनके दिखाए हुए संदेशों पर चलकर समाज में भाईचारा और एकता बनाएं। संत गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर श्री गुरु रविदास मंदिर रविदास बस्ती व हीरा नगर,रामदास नगर में आयोजित कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी निर्मल सिंह ने उपरोक्त उदगार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास भारत के उन चुनिंदा महापुरुषों में से एक हैं जिन्होंने अपने रूहानी वचनों से सारे संसार को एकता और भाईचारे पर जोर दिया।

गुरु रविदास की शिक्षाओं का पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल को सम्मानित करते लोग। फोटो :हरिभूमि

शिरोमणी संत श्री गुरु रविदास महाराज का 648वां प्रकाशोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंबाला शहर में भी प्रकाशोत्सव के अवसर पर जगह जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने भी शिरोमणी संत श्री गुरु रविदास महाराज के मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका। इस दौरान असीम गोयल ने कहा कि गुरु साहिब के प्रगट उत्सव को भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर मुझे भी विभिन्न गुरु घरों पर जाकर माथा टेकने और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। असीम गोयल ने कहा कि यह बहुत बड़ा दिन है। सभी को गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का पालन करना चाहिए। जिससे समाज में समृद्धि आएगी। इस अवसर पर असीम गोयल ने संगत को आज के दिवस की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान पार्षद मोनिका मल,पार्षद सरदूल सिंह,सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा,संजीव गोयल, चरनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

छात्राओं ने दरियावाला में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने गांव दरियावाला में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया। इस सर्वेक्षण की अध्यक्षता हिंदू कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर और संचालन भूगोल विभाग इंचार्ज रंजना गर्ग एवं रजनी द्वारा की गई। बीए तृतीय वर्ष की 46 छात्राओं ने 250 घरों में जाकर लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों का व्यक्तिगत सर्वेक्षण किया। आर्थिक सर्वेक्षण किसी भी जगह का एकमात्र ऐसा दस्तावेज है, जो प्रत्यक्ष जानकारी देता है। सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण को घरेलू व्यय और आय के साथ-साथ आवास की स्थिति, व्यक्तिगत और घरेलू विशेषताओं और जीवन स्थितियों पर आंकड़ों के सबसे महत्वपूर्ण स्रोतों में से एक माना जाता है। दरियावाला गांव के सरपंच बलजीत ने अध्यापिकाओं व छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।


जींद। बैठक को संबोधित करते राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

बच्चों को स्थायी ज्ञान मिले : राजेश वशिष्ठ

जींद। निपुण मिशन के तहत कक्षा पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों को स्थाई व सटीक ज्ञान मिले इसके अंतर्गत शिक्षा विभाग की ओर से एफएलएन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो बच्चों को भय मुक्त वातावरण प्रदान करते हुए हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रमुखता प्रदान कर रहा है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने अपने कार्यालय मे बैठक का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य सभी प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों का अवलोकन करना है ताकि शिक्षकों व अभिभावकों को पता चल सके की अभी तक 23 सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने क्या सीख लिया है ओर अभी कितना अभ्यास करने की आवश्यकता है। कक्ष पहली से तीसरी के बच्चों का हिंदी व गणित का दो-दो सप्ताह का एक साथ अभ्यास पत्र तैयार करके खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी शिक्षकों को विद्यालय स्तर तक मेल व व्हाट्सअएप द्वारा अभ्यास पत्र भेजे जाएंगे। ब्लॉक कॉर्डिनेटर अमनदीप, प्रवीण, बलराज ने सराहनीय योगदान दिया। बैठक मेमांगेराम, रवींद्र, संतरो रानी, सारिका, नीति, नीतू मलिक, मंजीत, कर्मपाल, सतीश, राजेश, विजयपाल, सुदेश आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
बम्पर इनामी योजना-2025

नाम.................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.................................
पता.................................तहसील....................पिन....................
जिला....................फोन नं.....................एजेंट का नाम.................................

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

नियम व शर्तें

हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 - 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ▶▶| **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ▶▶| योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ▶▶| **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ▶▶| फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे। ▶▶| राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ▶▶| हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ▶▶| यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ▶▶| वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ▶▶| हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ▶▶| किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ▶▶| चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ▶▶| हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ▶▶| प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ▶▶| पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ▶▶| किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ▶▶| अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ▶▶| ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ▶▶| विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ▶▶| प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ▶▶| सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

हरिभूमि कार्यालय , नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक, फोन : 9253681019-20, 9253681010, 9253681005
अम्बाला :- ओ.पी. गैस न्यूज एजेंसी, रेलवे रोड, अम्बाला सिटी, फोन नं. : 9034190285, पंचकुला :- जे. के. न्यूज एजेंसी, पंचकुला, सेक्टर-8 मार्केट, पंचकुला, फोन नं. : 9316130901, कुरूक्षेत्र :- वालिया न्यूज एजेंसी, सेक्टर-17, बूथ नं. 123, पुराना बस स्टैंड, कुरूक्षेत्र, फोन नं. : 9466028039, करनाल :- महेन्द्र न्यूज एजेंसी, नियर जोगी दास वाली कोठी, चौड़ा बाजार, करनाल, फोन नं. : 9416032621, शाहबाद :- गुप्ता न्यूज एजेंसी, बस स्टैंड, शाहबाद, फोन नं. : 7404523197, पानीपत :- कृष्ण चुघ न्यूज एजेंसी, लाल बत्ती चौक, पानीपत, फोन नं. 8295795397, यमुना नगर :- सचदेवा न्यूज एजेंसी, यमुना नगर, नियर बस स्टैंड, यमुना नगर, फोन नं.: 9896077026